सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 65 | इंदौर, बुधवार 17 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

◆ मोदी के 75वें जन्मदिन पर सबसे पहले ट्रम्प की बधाई:फोन कर कहा-

## आप अद्भुत काम कर रहे; पीएम बोले- थैंक यू, मेरे दोस्त



**वॉशिंगटन डीसी/नई दिल्ली, (एजेंसी)** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी को फोन पर सबसे पहले जन्मदिन की बधाई दी। PM मोदी आज 75 साल के हो गए हैं। उन्होंने मंगलवार रात 10:53 बजे बताया कि ट्रम्प ने उन्हें फोन किया। ट्रम्प ने रात 11:30 बजे अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर PM से बातचीत की जानकारी दी।

ट्रम्प ने लिखा, 'अभी-अभी मेरे दोस्त, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बहुत अच्छी बातचीत हुई। मैंने उन्हें जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। वे अद्भुत काम कर रहे हैं। नरेंद्र, रूस और यूक्रेन के बीच जंग खत्म करने में आपके सहयोग के लिए धन्यवाद।'

PM मोदी ने X पर लिखा, 'थैंक यू, मेरे दोस्त, प्रेसिडेंट ट्रम्प, मेरे 75वें जन्मदिन पर आपके फोन कॉल और बधाई के लिए धन्यवाद। आपकी तरह, मैं भी भारत-अमेरिका के बीच व्यापक और वैश्विक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं। हम यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में आपकी पहल का समर्थन करते हैं।

## समाज को तोड़ने की कोशिश, खुद को पिछड़ा बताने वाले नेताओं पर क्या बोले नितिन गडकरी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि जाति, भाषा और अन्य चीजों के नाम पर समाज को बांटने की कोशिश की जा रही है और उन्होंने इसे लेकर चिंता भी जताई। यहां एक पुस्तक विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि देश तभी प्रगति करेगा और मजबूत बनेगा, जब उसके लोग एकजुट रहेंगे।



केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'मुझे लगता है कि आज... पिछड़ापन एक राजनीतिक स्वार्थ बनता जा रहा है। हर कोई कहता है, 'मैं पिछड़ा हूं, मैं पिछड़ा हूं'... जाति, भाषा और हर चीज के नाम पर समाज को तोड़ने की कोशिश की जा रही है।'

RSS यानी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 साल की यात्रा पर चर्चा करते हुए, भाजपा नेता ने कहा कि विरोधियों ने भी कई मौकों पर संघ को 'जातिवादी और सांप्रदायिक कहकर बदनाम किया है।' उन्होंने कहा, 'संघ में किसी की जाति नहीं पूछी जाती। संघ में कोई भेदभाव, छुआछूत नहीं है।'

गडकरी ने कहा, 'हम दुनिया में सभी के कल्याण और प्रगति की कामना करते हैं, यहां तक कि उन लोगों की भी जो हमारा विरोध करते हैं।'

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी : स्वदेशी का संकल्प और राष्ट्र निर्माण के प्रेरक :· डॉ. मोहन यादव

**"परिश्रम में जो तपा है, उसने ही तो इतिहास रचा है, जिसने फौलादी चट्टानों को तोड़ा है, उसने ही समय को मोड़ा है, समय को मोड़ देने का भी यही समय है, सही समय है।"**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

यह उद्घोष करने वाले हमारे प्रेरक, मार्गदर्शक और भारत निर्माण के दृष्टा यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को उनके जन्मदिवस पर अनंत शुभकामनाएं। हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री जी आज इस विशेष दिवस पर मध्यप्रदेश आ रहे हैं। उनकी इस यात्रा से प्रदेश को एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। वे धार जिले के भैंसोला ग्राम में देश के पहले 'पीएम मित्र पार्क' की आधारशिला रखेंगे। इसके साथ ही वे 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार और पोषण अभियान' तथा 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े का शुभारंभ करेंगे। मैं प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता के साथ प्रधानमंत्री जी का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन करता हूँ।

प्रधानमंत्री जी का संपूर्ण जीवन परिश्रम, पुरुषार्थ और सेवा के प्रेरणादायी संकल्प की यात्रा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माध्यम से राष्ट्र और समाज सेवा का संकल्प लेकर उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन की यात्रा आरंभ की, जो प्रधानमंत्री के रूप में भी ध्येयनिष्ठ रही है। उनके लिए राष्ट्र प्रथम और सर्वोपरि है। यह उनके राष्ट्र निर्माण और देशहित में लिए गए निर्णयों और नेतृत्व क्षमता का ही परिणाम है कि आज भारत की गणना विश्व के अग्रणी राष्ट्रों में हो रही है।

उनके प्रत्येक निर्णय में राष्ट्र की नींव को सशक्त करने की झलक है। कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करना और उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद श्रीरामलला को अपने जन्म स्थान अयोध्या में प्रतिष्ठित करने में उनकी पहल अविश्वसनीय है। उन्होंने एक राष्ट्र, एक पहचान के लिए विभाजनकारी प्रवृत्तियों को समाप्त किया और समाज में एकत्व का भाव स्थापित किया। उनका दूरदर्शी नेतृत्व आधुनिक भारत को आत्मनिर्भर, सुरक्षित, समृद्ध और सांस्कृतिक रूप से गौरवशाली राष्ट्र बनाने की दिशा में निरंतर प्रेरित कर रहा है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि उनके मार्गदर्शन में जनकल्याण, आर्थिक सुदृढ़ीकरण, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भारत को अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं।

प्रधानमंत्री के रूप में दायित्व संभालते ही सबसे पहले उन्होंने देशवासियों के स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता अभियान छेड़ा। वे स्वयं हाथ में झाड़ू लेकर दिल्ली के प्रगति मैदान पहुँचे। गांव-गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर मध्यप्रदेश की जनता भी इस अभियान में जुट गई और गांव से लेकर नगर तक स्वच्छता अभियान में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य बना। इंदौर ने लगातार 8 बार देश में स्वच्छ शहर के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्री मोदी जी ने आम नागरिक को आधुनिक चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत योजना शुरू की, जिससे गरीब और असहाय परिवारों को उपचार में सहायता मिली। इस योजना से 40 करोड़ से अधिक नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो रही हैं। समाज को अपने सांस्कृतिक गौरव के प्रति आत्मविश्वास उत्पन्न कराने के लिये प्रधानमंत्री जी ने हमें 'विरासत के साथ विकास' का नारा दिया। भारतीय संस्कृति के गौरव और आधुनिकता के संतुलन को साधते हुए उन्होंने लोगों में आत्मनिर्भरता और राष्ट्रप्रेम की भावना जगाई।



मुझे यह बताते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है कि श्री मोदी जी ने भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। जब उन्होंने कार्यभार संभाला था तब भारत विश्व की ग्यारहवीं अर्थव्यवस्था था। केवल ग्यारह वर्षों में भारत चौथे स्थान पर पहुंचा और अब तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। तेल आयात, व्यापार, रक्षा उत्पादन और तकनीकी नवाचार में भारत ने नई मिसाल कायम की है। आयुध निर्यातक देश के रूप में भी भारत ने अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया। 'स्पेस टेक्नोलॉजी' में भारत ने चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर तिरंगा फहराकर विश्व को चकित कर दिया और विज्ञान तथा तकनीक में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता है कि वे जो कहते हैं उसका क्रियान्वयन भी करते हैं। उन्होंने इसी वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से जीएसटी रिफॉर्म की घोषणा की थी और एक माह के भीतर इसे लागू करने का निर्णय ले लिया। इस फैसले से देश की कर-प्रणाली सरल होगी, महंगाई कम होगी और आर्थिक न्याय के साथ समावेशी विकास को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री जी की आर्थिक नीतियों ने निवेश, उत्पादन और रोज़गार के क्षेत्र में नई संभावनाएं निर्मित की हैं। ये नीतियाँ देशवासियों को राहत देने के साथ वैश्विक स्तर पर भारत के आत्म-सम्मान का प्रतीक बनी। अमेरिका जैसी आर्थिक महाशक्ति ने भारत पर भारी टैरिफ लागू कर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन श्री मोदी जी की रणनीति ने उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। रूस और चीन के साथ सहयोग कर नए व्यापारिक मार्ग स्थापित करना और जीएसटी जैसे आर्थिक सुधार लागू करना उनकी कुशल और निर्णायक नेतृत्व क्षमता का परिणाम है।

प्रधानमंत्री जी का लक्ष्य है कि देश का युवा आत्मनिर्भर बने और राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाए। युवाओं को उनकी क्षमता के अनुरूप रोज़गार देने के लिए उन्होंने 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना' लागू की। इसका उद्देश्य साढ़े तीन करोड़ से अधिक युवाओं को रोज़गार उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में युवाओं को कौशल विकास, स्वरोज़गार, स्टार्टअप, तकनीकी नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। मुद्रा योजना के तहत लगभग 52.5 करोड़ छोटे उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान कर उनके व्यवसाय को गति दी गई।

प्रधानमंत्री जी का मानना है कि किसी भी परिवार, समाज और राष्ट्र की नींव में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने महिलाओं के कल्याण, सुरक्षा और आर्थिक स्वावलंबन के लिए अनेक योजनाएँ लागू की हैं। उज्ज्वला योजना से 10.33 करोड़ से अधिक महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई। इससे महिलाओं के स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ और उन्हें सम्मान जनक जीवन जीने का अवसर भी मिला। प्रधानमंत्री आवास योजना से 4 करोड़ से अधिक लोगों को संपत्ति का अधिकार मिला। महिला आरक्षण लागू कर उन्होंने महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता को बढ़ावा दिया। 'लखपति दीदी अभियान' के माध्यम से 3 करोड़ महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है। पिछले 10 वर्षों में उन्होंने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। उन्होंने जनकल्याण की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयास किए। 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के तहत 81 करोड़ से अधिक नागरिकों को नि:शुल्क खाद्यान्न दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए, जिससे स्वच्छता और स्वास्थ्य में सुधार हुआ। 'जल जीवन मिशन' के तहत 15 करोड़ से अधिक घरों तक नल से जल पहुंचाया गया। इन योजनाओं ने देश के हर वर्ग को सीधे लाभ पहुँचाया।

रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' से वे देश के हर जन-मन से जुड़े, हरेक की समस्या को जाना और समाधान पहुँचाने का प्रयास किया। उन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। सीमाओं की सुरक्षा, आतंकवाद का सामना और वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए उन्होंने अनेक निर्णय लिए। 'ऑपरेशन सिंदूर' से भारत ने अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया और विश्व को भारत की शक्ति से परिचित कराया। उनके नेतृत्व में भारतीय सेना को आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया गया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व सेवा, त्याग, अनुशासन, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है। उनके द्वारा चलाए गए कार्यक्रमों ने आम नागरिक को राहत दी, स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की, आर्थिक विकास की राह दिखाई, सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा दिया। उनके नेतृत्व में भारत ने संघर्ष से समाधान, संकट से अवसर और सीमित संसाधनों से वैश्विक प्रतिष्ठा की यात्रा तय की है।

आज प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस पर हम यह संकल्प लें कि उनके आदर्शों का अनुसरण करते हुए राष्ट्रहित में कार्य करेंगे और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे। देश को विश्व शक्ति बनाने के लिए प्रधानमंत्री जी ने सेवा और स्वदेशी का आह्वान किया है। मुझे विश्वास है कि प्रदेश के कपास उत्पादक क्षेत्र में टैक्सटाइल उद्योग के लिए स्थापित होने वाला 'पीएम मित्र पार्क' प्रधानमंत्री जी की स्वदेशी की संकल्पना को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रदेश को मिलने वाले इस आशीर्वाद से हम सभी अभिभूत हैं। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका कल्याण' करने वाले युगदृष्टा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को पुन: जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ...।

**(लेखक, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)**

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के विभिन्न अस्पताल पहुंचकर घायलों के स्वास्थ्य की ली जानकारी

## पीड़ित व्यक्तियों से मुलाकत कर बंधाया ढांढस, समुचित उपचार के दिए निर्देश





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को इंदौर पहुंचकर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की कुशलक्षेत्र जानी। उन्होंने वर्मा यूनियन हॉस्पिटल, गीतांजलि अस्पताल, बांठिया अस्पताल, अरबिंदो मेडिकल कॉलेज और भंडारी अस्पताल में उपचाररत घायलों से भेंटकर उनसे स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली।



दुर्घटना में घायल सभी 13 प्रभावित व्यक्तियों से मिलकर घटना संबंधी जानकारी ली और उन्हें ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए घायलों के परिजन से कहा कि वे चिंता न करें, दुख की इस घड़ी में राज्य सरकार आपके साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर और चिकित्सकों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी घायल के उपचार में कमी नहीं रखी जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुँचाने में सहयोग करने वाले नागरिकों का 26 जनवरी को सम्मान किया जायेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्मा यूनियन हॉस्पिटल में घायल संदीप बिंझवार, अनिल नामदेव, गीतांजलि अस्पताल में सुश्री पलक जोशी, अशोक कुमार गोप्लानी, सुश्री काजल देवी गोप्लानी, संविद दुदानी और अनिल कोठारी के अलावा बांठिया अस्पताल, अरबिंदो और भंडारी अस्पताल में उपचाररत घायलों से मिले और उन्हें बेहतर से बेहतर उपचार दिलाने की बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घायलों का इलाज कर रहे चिकित्सकों से कहा कि घायलों के इलाज में किसी भी तरह की कोई कसर नहीं छोड़ी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घायलों के परिजन को सांत्वना दी और विश्वास दिलाया कि घायलों का अच्छे से अच्छा इलाज किया जाएगा।

### दोषियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घायलों के परिजन से चर्चा करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण और दु:खद घटना है। घटना की जांच के लिए एसीएस गृह को जिम्मेदारी दी गई है। जांच के आधार पर जो भी अधिकारी-कर्मचारी दोषी पाये जायेंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही इस दुखद घटना से सबक लेकर भविष्य में ऐसी घटना की पुर्नरावृत्ति न हो, इसके लिए सभी आवश्यक इंतजाम होंगे। इस दौरान जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़, विधायक रमेश मेंदोला, विधायक गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, सुदर्शन गुप्ता, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष सावन सोनकर, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त दिलीप यादव, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अमित सिंह, एसडीएम सुश्री निधि वर्मा, एसडीएम प्रदीप सोनी आदि भी साथ थे।

# खाली रही जोशी बाबू की कुर्सी सहकर्मियों ने किया भारी मन से काम



**इंदौर**। इंदौर विकास प्राधिकरण के पहली मंजिल पर संपदा शाखा के कोने वाले कैबिन की कुर्सी मंगलवार को खाली थी। वे वहां के बाबू थे। रोज हंसते-खिलखिलाते आने वाले कैलाश चंद्र जोशी मंगलवार को दफ्तर नहीं आए। उनकी गैरहाजिरी भी नहीं लगी। वे अब कभी संपदा अधिकारी की आवाज पर कैबिन में हाजिर भी नहीं होंगे। सोमवार को बड़ा गपणति रोड पर हुए हादसे में ट्रक ने उन्हें और उनकी बाइक को आधा किलोमीटर तक रौंदा। सड़क पर चिंगारियां उठ रही थीं और जलती बाइक और ट्रक के नीचे फंसे कैलाशचंद्र जोशी निकल नहीं पाए। उन्हें कुछ साहसी युवकों ने बुरी तरह जली हालत में निकाला, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। जोशी सोमवार शाम को सात बजे दफ्तर से निकले थे। उनकी पत्नी बीमार है। खाना और घर का काम नहीं कर पाती है। इसलिए वे दफ्तर से पहले बड़ा गणपति क्षेत्र से रोज टिफिन लेते थे और घर जाकर दोनों पति-पत्नी खाते थे। वे टिफिन ही लेने गए थे और चौराहे पर यमदूत बन दौड़ रहे ट्रक ने उनकी जान ले ली। घर पर पत्नी टिफिन का इंतजार ही करती रह गई। वे कभी टिफिन लेकर नहीं आएंगे। उनकी कोई संतान नहीं है। पत्नी का ध्यान वे ही रखते थे। सहकर्मियों से कहते थे। अप्रैल में नौकरी से रिटायर हो जाऊंगा तो पत्नी की सेवा के लिए पूरा समय मिलेगा। कैलाश चंद्र जोशी को पास सहकारी निर्माण संस्था की फाइलें रहती थीं। वे भू अर्जन का काम भी देखते थे। दफ्तर में रोज उसके पास बैठने वाले कैलाशचंद्र दवे कहते हैं कि काम में मजा नहीं आ रहा है। वो मेरे ठीक पीछे बैठते थे। उनकी कुर्सी खाली थी। बार-बार नजर उस पर जा रही थी। कुछ देर के लिए मुझे कुर्सी हटाना पड़ी। सहकर्मी डॉली साधे बताती है कि कैलाश ने कभी तनाव लेकर काम नहीं किया। वे हमेशा हंसते रहते थे। मजाक कर हमारा मन भी हलका कर लेते थे। पत्नी की बीमारी के कारण कई बार दफ्तर देर से आते थे, लेकिन उस दिन शाम को देर तक दफ्तर में रहकर काम करते थे। प्यून राजेश कनेरिया ने बताया कि मंगलवार को कैलाश जी को मैंने चाय बनाकर पिलाई थी। उसके बाद वे अपने सहकर्मी पंकज के पास बैठे। पंकज ने बताया कि उन्होंने कुछ फाइलें निपटाई। फिर मुझसे कहा कि बचा काम बुधवार को करेंगे, लेकिन वे अब नहीं लौटेंगे। आईडीए के इंजीनियर कपिल देव भल्ला ने बताया कि उनकी कोई संतान नहीं थी। मुखाग्नि भी भतीजे ने दी। उनके परिवार को विभाग की तरफ से सवा लाख रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी।

# महिला मित्र के साथ फ्लैट में था अधिकारी का बेटा, देर रात हुई रहस्यमयी मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के विजय नगर इलाके में मंगलवार देर रात कानून की पढ़ाई कर रहे एक 21 वर्षीय छात्र की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान अक्षत अनारे के रूप में हुई है, जो बड़वानी में पदस्थ एक सहायक जिला अभियोजन अधिकारी (एडीपीओ) के बेटे थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।**





### अचानक बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में मृत घोषित

जानकारी के अनुसार, अक्षत स्कीम नंबर 54 स्थित एक फ्लैट में रहते थे। मंगलवार रात उनकी महिला मित्र अंजलि उनके साथ फ्लैट पर ही मौजूद थीं। इसी दौरान अचानक अक्षत की पल्स रेट गिरने लगी और उन्हें तेज घबराहट महसूस हुई। स्थिति बिगड़ते देख अंजलि ने तुरंत अक्षत के अन्य दोस्तों को इसकी सूचना दी। सभी दोस्त मिलकर अक्षत को पहले पास के राजश्री अपोलो अस्पताल ले गए, जहां से उन्हें एमवाय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। हालांकि, एमवाय अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद अक्षत को मृत घोषित कर दिया।

### फ्लैट में थे दोनों

पुलिस जांच में पता चला है कि अक्षत अपने दो दोस्तों, चंद्रपाल और अभिषेक वास्कले के साथ फ्लैट में रहते थे। घटना वाली रात दोनों ही फ्लैट पर मौजूद नहीं थे। बताया जा रहा है कि चंद्रपाल के पिता बड़वानी से इंदौर आए हुए थे, इसलिए वह उनके साथ एक होटल में रुका था और अभिषेक को भी अपने साथ खाना खिलाने ले गया था। इसी दौरान यह घटना घटी।

### पुलिस जांच जारी, पोस्टमॉर्टम से होगा खुलासा

विजय नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बुधवार को अक्षत के शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। पुलिस का कहना है कि मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। अक्षत के परिवार में उनके माता-पिता के अलावा एक छोटा भाई भी है जो अभी स्कूल में पढ़ता है। इस घटना से परिवार में मातम का माहौल है।

# धोखाधड़ी के मामले में कादरी पर FIR, पुलिस को मिली रिमांड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जूनी इंदौर की रहने वाली जोहरा बी ने खजराना थाना क्षेत्र में अनवर कादरी सहित समीना बी उर्फ किरण, साजिद खान, मोहम्मद फारूख, सईद मोहम्मद, शादाब खान और जहूर मोहम्मद के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है। इस मामले में खजराना पुलिस ने सोमवार को अनवर कादरी को पांच दिन के प्रोडक्शन वारंट पर रिमांड पर लिया है। पुलिस अब उससे अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ करेगी और यह भी जांच की जाएगी कि फर्जी दस्तावेज कहां से और कैसे तैयार करवाए गए। टीआई मनोज सेंधव के अनुसार, अनवर कादरी को पांच दिन की रिमांड पर लिया गया है। जोहरा बी ने पुलिस को बताया कि उनकी किरायेदार समीरा बी उर्फ किरण, पत्नी अब्दुल रशीद ने एक फर्जी 'मुख्तयारनामा' (पॉवर ऑफ अटॉर्नी) तैयार करवाया। इसी आधार पर अनवर कादरी ने 1 नवंबर 2006 को मकान की रजिस्ट्री अपने नाम करा ली। इस फर्जीवाड़े में कुल पांच लोग और शामिल थे। बाद में उन्होंने मकान को बेच भी दिया। जोहरा बी के अनुसार, वर्तमान में उस घर में तबस्सुम नाम की महिला रह रही है, जिसने कुछ किरायेदार रखे हैं। जोहरा बी ने बताया कि यह मकान उनके माता-पिता

### कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की वृद्धजनों के लिए संवेदनशील पहल

# बुजुर्ग माता-पिता की समस्याओं के निराकरण हेतु विशेष शिविरों के आयोजन का सिलसिला हुआ प्रारंभ

- शिविरों को मिला बेहतर प्रतिसाद, अनेक बुजुर्गों की समस्याओं का हुआ हाथों-हाथ हुआ निराकरण
- तीन बुजुर्गों को दिलाया गया उनकी संपत्ति का अधिकार




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार बुजुर्ग माता-पिता की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविर आयोजन का सिलसिला आज से प्रारंभ हुआ। जनसुनवाई के दिन आज सभी अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में आयोजित इन शिविरों को अच्छा प्रतिसाद मिला। इस शिविर में बड़ी संख्या में बुजुर्ग माता-पिता पहुंचे और उन्होंने आवेदन दिया। बुजुर्ग माता-पिताओं की समस्याओं को गंभीरता और मानवीय संवेदना के साथ अधिकारियों द्वारा सुनकर उनका यथासंभव निराकरण किया गया।**

इस विशेष शिविर में अनेक समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। वहीं शेष प्रकरणों पर शीघ्र समाधान के लिए कार्यवाही सुनिश्चित की गई। जुनी इंदौर एसडीएम कार्यालय में आयोजित हुए शिविर में तीन बुजुर्गों को उनकी संपत्ति का अधिकार दिलाया गया। एसडीएम श्री प्रदीप सोनी ने बताया कि आपसी सुलह और समझौते के साथ जिन बुजुर्गों को उनकी संपत्ति का हक दिलाया गया, उनमें खजराना क्षेत्र की रेहाना खान, शमशाद बी तथा स्कीम नम्बर 74 क्षेत्र के रविंद्र मल्हान शामिल है।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि यह पहला बुजुर्ग माता-पिता को सम्मान एवं सहारा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बुजुर्गों की समस्याओं के निराकरण में संवेदनशीलता और तत्परता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री वर्मा की पहल पर इंदौर में बुजुर्ग माता-पिता की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रति मंगलवार जनसुनवाई के दिन विशेष शिविर लगाये जाने का सिलसिला प्रारंभ किया गया है। भरण पोषण अधिनियम के अंतर्गत आज एसडीएम कार्यालय बिचौली में आयोजित शिविर में आए हुए सभी बुजुर्गों को सम्मानपूर्वक बैठाया गया और उनका तिलक लगा कर स्वागत किया गया। उनके लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। सभी की शिकायत और आवेदनों पर तत्काल सुनवाई की गयी।

# हौज में डूबने से बच्चे की मौत

## दोपहर 2 बजे से गायब था 3 साल का रोहित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राऊ इलाके में सोमवार शाम 3 साल के बच्चे का शव उसके घर की हौज में पड़ा हुआ मिला। वह दोपहर 2 बजे से गायब था। परिवार को लगा कि वह आसपास खेल रहा होगा। करीब 5 घंटे तक लोग उसे ढूंढते रहे। इसके बाद हौज में झांककर देखा तो वह अंदर पड़ा था।**

राऊ पुलिस के मुताबिक, घटना नेहरू नगर की है। यहां तीन साल के रोहित पुत्र दिलीप पंचार की करीब 6 फीट गहरी हौज में डूबने से मौत हो गई। पिता दिलीप ने बताया कि वह मजदूरी करते हैं। उनके माता-पिता और पत्नी भी काम पर जाते हैं। घर पर दो बहुएं थीं। रोहित घर के आगे वाले कमरे में खेल रहा था। दिन में पानी के लिए हौज कुछ देर के लिए खुली छोड़ दी थी। उसी दौरान रोहित अंदर गिर गया। कुछ देर तक छोटी बहू को रोहित नहीं दिखा तो उसने ढूंढा। आसपास के लोगों से भी पूछा। पहले लगा कि वह पैदल कहीं चला गया होगा। उन्होंने मोबाइल पर जानकारी दी और ढूंढना शुरू किया। बाद में शाम करीब 7 बजे हौज में देखा तो रोहित अंदर की तरफ पड़ा था। रोहित के परिवार के मुताबिक, जब वह 1 साल का था तो उसकी मां ने किसी और से शादी कर ली थी। इसके बाद रोहित अपने पिता के साथ ही रहता था। उसके पिता ने कुछ माह पहले ही दूसरी शादी की है। परिवार मूल रूप से बांक टाडा इलाके का रहने वाला है।

# कोरियर कंपनी के कर्मचारी ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर की एक निजी कोरियर कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार रात की है।**



लसूडिया पुलिस के मुताबिक, ओमप्रकाश (35) पुत्र प्रेमनारायण मेहरा निवासी कैलोद कांकड़ ने अपने घर में फांसी लगा ली। शाम को काम से लौटने के बाद वे कमरे में चले गए थे। रात में पत्नी ने उन्हें खाने के लिए आवाज दी, लेकिन दरवाजा नहीं खोला। काफी देर तक आवाज देने के बाद ससुर को बुलाया गया। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया तो ओमप्रकाश फंदे पर लटके मिले। इसके बाद छोटे भाई सचिन को सूचना दी गई। सचिन ने बताया कि उनके बड़े भाई पिछले तीन साल से कोरियर कंपनी में काम कर रहे थे। उनके पांच बच्चे हैं। परिवार के मुताबिक ओमप्रकाश को न तो कोई मानसिक परेशानी थी और न ही आर्थिक समस्या। घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जीवन क्षणभंगुर है, समय रहते भक्ति की ओर मुड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलियुग दोषों का समुद्र है,किंतु हरिनाम संकीर्तन करने से मोक्ष की प्राप्ति संभव है,श्रीकृष्ण की निष्काम भक्ति ही मोक्ष का सर्वोच्च मार्ग है,श्रीकृष्ण ही अंतिम सत्य है,जीवन क्षणभंगुर है अतः समय रहते भक्तिमार्ग की ओर मुड़े, उक्त विचार।हंसदास मठ में महामंडलेश्वर श्री रामचरण दासजी महाराज एवं।महामंडलेश्वर पावनदासजी महाराज के सानिध्य में आयोजित पितृ मोक्षदायिनी भागवत कथा के समापन पर श्री तिरुपति बालाजी से पधारे जितेंद्र जी महाराज ने कही। समापन अवसर पर मध्यप्रदेश ज्योतिष एवं विद्वत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष आचार्य रामचंद्र शर्मा वैदिक, भागवत भूषण पवन तिवारी,आचार्य नंदकिशोर शर्मा,अरविंद बागड़ी,शिव जिंदल,राजेश बंसल,संदीप गोयल।आटो,सत्यनारायण मालवीय,गिरधर।नागर,हरि अग्रवाल आदि ने महाराजश्री का साल,श्रीफल,उत्तरीय एवं मालवी पगड़ी पहनाकर सारस्वत सम्मान किया। हवन पूजन,महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कथा का विधिवत समापन हुआ।कार्यक्रम का।संचालन आयोजन समिति के आचार्य शर्मा वैदिक ने किया एवं आभार शिव जिंदल ने माना।



# दिल्ली हाट के रूप में विकसित होगा भोपाल हाट

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल हाट में स्वदेशी मेला-स्वदेशी व्यंजनों के संग का किया शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने जन्म दिवस पर सेवा का संकल्प लेते हुए सेवा पखवाड़े के माध्यम से 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को प्रोत्साहित कर रहे हैं। उनकी प्रतिबद्धता के अनुरूप देश में स्वदेशी के अभियान को प्रोत्साहित किया जा रहा है।**



सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 2 अक्टूबर तक सबका साथ-सबका विकास के भाव से जन भागीदारी, स्वच्छता और कल्याणकारी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। दिल्ली हाट के रूप में विकसित होगा भोपाल हाट। भोपाल हाट में लगा स्व-सहायता समूहों का 'स्वदेशी मेला-स्वदेशी व्यंजनों के संग', इन गतिविधियों की शुरूआत है। मेले में 40 स्व-सहायता समूह भाग ले रहे हैं। इससे लगभग 3 हजार 600 से अधिक परिवार लाभान्वित होंगे। आगामी तीज-त्यौहारों के दृष्टिगत यह स्वदेशी मेला महत्वपूर्ण है, इससे भोपाल वासी स्वदेशी उत्पादों की आत्मीयता का अनुभव ले सकेंगे। इसके माध्यम से गांवों में घर-घर में बनने वाली वस्तुओं को बाजार और प्लेटफार्म उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। इन गतिविधियों से ही आदि काल से भारत की पहचान रहे, स्वावलंबन के भाव को प्रोत्साहन मिलेगा। स्वदेशी के उत्पाद अपने गांव, जिले और प्रदेश के गौरवान्वित करते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को 'स्वदेशी मेला-स्वदेशी व्यंजनों के संग' का भोपाल हाट में शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वदेशी मेला में लगे स्टॉल्स का अवलोकन किया, विक्रेताओं तथा सामग्री निर्माताओं से चर्चा की और वॉटर बॉटल बैग सहित अन्य सामग्री भी खरीदी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्राम भोजपुर के सिद्धी विनायक आजीविका स्व-सहायता समूह द्वारा लगाए गए चाट के स्टॉल पर पानी-पुरी का आनंद भी लिया। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, महापौर श्रीमती मालती राय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रामकुंवर गुर्जर, रवींद्र यति, कीरत सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूह की महिला सदस्य उपस्थित थी।

# अस्पतालों में आज से चलेगा साफ-सफाई का विशेष अभियान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेज और जिलों में स्थित प्रमुख चिकित्सालयों में सेवा पर्व और सेवा पखवाड़े के तहत 17 सितम्बर से साफ-सफाई का व्यापक अभियान चलाने के निर्देश जिला कलेक्टर्स को दिये हैं। अभियान के तहत कचरे और अनुपयोगी सामग्री को भी प्राथमिकता से हटाया जायेगा।

सेवा पर्व को सार्थक बनाने के लिए प्रदेश की सामाजिक संस्थाओं से भी सहयोग की अपील की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं संभागीय कमिश्नर को भी निर्देशित किया है कि वे सफाई अभियान का निरीक्षण और निगरानी करें। मंत्री, सांसद एवं विधायकगण से भी अनुरोध किया है कि वे साफ-सफाई अभियान का निरीक्षण कर आमजन और सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी प्रोत्साहित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने साफ-सफाई के अभियान में आम जनता, सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधियों से भी सहभागिता की अपेक्षा की है। प्रदेश के समस्त कलेक्टर्स को निर्देशित किया है कि वे रोगी कल्याण समिति को सशक्त कर साफ-सफाई अभियान में जनता की भागीदारी भी सुनिश्चित करें।

# सिंगरौली में सोना निकालेगी अडानी की कंपनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिंगरौली, एजेंसी।** सिंगरौली जिले के चितरंगी क्षेत्र में स्थित 23 हेक्टेयर भूमि से 18,356 टन सोना निकाला जाएगा। चकरिया गोल्ड ब्लॉक का एग्रीमेंट सोमवार शाम को अडानी ग्रुप की गरिमा नेचुरल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को मिला है। जिला खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल ने बताया है कि कंपनी 5 वर्षों तक यहां गोल्ड माइंस का संचालन करेगी। कंपनी ने पिछले एक वर्ष में ड्रिलिंग के माध्यम से सोने का अनुपात निर्धारित कर लिया है। गोल्ड ब्लॉक से सिंगरौली खनिज विभाग को लंदन गोल्ड मार्केट के दर के अनुसार राजस्व प्राप्त होगा। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। खनन क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा शासकीय भूमि है। कुछ भाग निजी भूमि के अंतर्गत आता है। सिंगरौली में पहले से ही कोयले की 11 खदानें संचालित हैं।

# खंडित विष्णु मूर्ति बदलने की याचिका खारिज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खजुराहो, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने खजुराहो के जवारी (वामन) मंदिर में भगवान विष्णु की 7 फीट ऊंची खंडित मूर्ति की बहाली की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। मंगलवार को CJI बीआर गवई ने मामले की सुनवाई की। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि यह मूर्ति मुगलों के आक्रमणों के दौरान खंडित हो गई थी और तब से यह इसी हालत में है। याचिकाकर्ता ने श्रद्धालुओं के पूजा करने के अधिकार की रक्षा करने और मंदिर की पवित्रता को पुनर्जीवित करने के लिए सर्वोच्च अदालत से हस्तक्षेप की मांग की थी।

# लेडी हेड कॉन्स्टेबल की पीट-पीटकर हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीधी, एजेंसी। सीधी में लेडी हेड कॉन्स्टेबल की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पति ने विवाद के बाद बेसबॉल बैट से हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। घटना सोमवार रात करीब 11 बजे की है।**

पुलिस ने बताया कि हेड कॉन्स्टेबल सबिता साकेत और उनके पति वीरेंद्र साकेत का लंबे समय से विवाद चल रहा था। सोमवार रात भी दोनों का झगड़ा हुआ। इसी दौरान वीरेंद्र ने सबिता पर हमला कर दिया। गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सबिता कमर्जी थाने में पदस्थ थीं और पति के साथ पुलिस लाइन में रहती थीं। सबिता और वीरेंद्र की शादी को 26 साल हो गए हैं। दोनों का एक बेटा (24) और बेटी (20) है। बेटी ने बताया, भाई भोपाल में रहकर पढ़ाई कर रहा है। कल रात मैं नानी के घर थी। रात में मां से फोन पर बात कर रही थी। इसी दौरान खाना नहीं बनाने को लेकर मां और पापा में झगड़ा हुआ। मैं फोन सब सुन रही थी। पापा ने मां की हत्या कर दी। इसके बाद मैंने पुलिस को सूचना दी।

# प्रदेशवासी लें पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व ओज़ोन दिवस प्रदेशवासियों से पर्यावरण-संरक्षण की राह पर चलने का संकल्प लेने का आव्हान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ओज़ोन परत हमारे लिए वायुमंडल का वह अदृश्य कवच है, जो सूर्य की हानिकारक किरणों को पृथ्वी तक पहुंचने से रोकता है। इससे धरती पर जीवन सुरक्षित और सम्भव हो पाता है। प्रदूषण के स्तर को कम करना और अधिक से अधिक पौधरोपण करना, ओज़ोन परत की सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

# पिछड़ा वर्ग आयोग का कार्यकाल बढ़ाया गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राज्य शासन ने मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के कार्यकाल में छह माह की वृद्धि कर दी है। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार आयोग का कार्यकाल सितंबर 2025 से बढ़ाकर अब फरवरी 2026 तक कर दिया गया है।

# 2000 ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर उज्जैन पहुंचे किसान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन में लैंड पुलिंग योजना के विरोध में किसान इकट्ठा हो रहे हैं। किसान सिंहस्थ में स्थायी सिटी बसाने के लिए लैंड पुलिंग का विरोध कर रहे हैं। साथ ही 15 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। पुलिस ने प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग की है। किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो गांवों से दूध, सब्जी की सप्लाई बंद कर दी जाएगी। उनका दावा है कि अब तक 2000 ट्रैक्टर-ट्रॉली और 5000 से अधिक किसान शहर में पहुंच चुके हैं। इस आंदोलन में 10 हजार किसानों के पहुंचने का अनुमान है। हालांकि, पुलिस-प्रशासन इतनी संख्या की



पुष्टि नहीं कर रहा है। सिंहस्थ क्षेत्र से जुड़े 17 गांवों सहित अन्य क्षेत्र के किसान आगर रोड स्थित सामाजिक न्याय परिसर पहुंच रहे हैं। किसानों के इस आंदोलन को भाजपा नेता और पूर्व मंत्री पारस जैन ने समर्थन दिया है। हालांकि कुछ देर बाद वे लौट गए। आंदोलन का आव्हान भारतीय किसान संघ जिला उज्जैन मालवा प्रांत ने किया है। सरकार इंदौर और उज्जैन के करीब एक लाख बीघा जमीन की लैंड पुलिंग कर रही है।

# दिग्विजय ने भाजपा पर बोला हमला...


@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह मंगलवार को बैतूल पहुंचे। उन्होंने आदिवासियों की पहचान और धर्म को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा पूरी तरह संकुचित है। यह पार्टी न तो संविधान समझती है और न ही भारत की असली परंपरा को। भाजपा आदिवासियों को "वनवासी" बताकर उनकी अस्मिता मिटाना चाहती है, जबकि सच यह है कि भारत की सबसे पुरानी आबादी आदिवासियों की रही है। दिग्विजय सिंह ने कहा- "हम सब तो सेंट्रल एशिया से आए हैं, असली हक और पहला अधिकार तो आदिवासियों का ही है। वे प्रकृति के पूजक हैं और संविधान उन्हें अपनी आस्था के अनुरूप धर्म पालन का पूरा अधिकार देता है। फिर भाजपा क्यों आलोचना करती है?"

## संपादकीय

# जैश के शीर्ष कमांडर का कबुलनामा ऑपरेशन सिंदूर में अजहर के परिवार का खात्मा

आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बहावलपुर में अपने प्रमुख हेडक्वार्टर भारतीय मिसाइलों की तरफ से नष्ट किए जाने की बात स्वीकार किया है। जैश के एक शीर्ष कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी का एक वीडियो आया है। वीडियो में यह कहते हुए सुना गया है कि 7 मई को बहावलपुर में जैश सरगना मौलाना मसूद अजहर के परिवार मिसाइल हमले में मारा गया। जैश समर्थक टेलीग्राम चैनलों पर 15 मिनट की स्पीच पोस्ट की गई है। पोस्ट किए गए वीडियो में जैश कमांडर इलियास पाकिस्तानी सेना के कमांडो की कड़ी सुरक्षा में दिख रहा है। इलियास कश्मीरी ने बताया कि कैसे आतंकी संगठन के सदस्यों द्वारा अपना सब कुछ कुर्बान करने के बावजूद, भारत 7 मई को मरकज सुभान अल्लाह में मसूद अजहर के परिवार को खत्म करने में कामयाब रहा। उसने कहा कि हमने आतंकवाद को अपनाया... पाकिस्तान की सीमाओं की रक्षा के लिए दिल्ली, काबुल और कंधार में लड़े। लेकिन अपना सब कुछ कुर्बान करने के बाद, 7 मई को, बहावलपुर में भारतीय सेना ने मौलाना मसूद अजहर के परिवार को तहस-नहस कर दिया। सूत्रों ने बताया कि यह भाषण पिछले सप्ताह बालाकोट में एक धार्मिक-राजनीतिक कार्यक्रम के दौरान दिया गया था। इसका उद्देश्य पैगंबर मोहम्मद के जीवन और शिक्षाओं के बारे में जागरुकता फैलाना था। हालांकि, वीडियो में कश्मीरी भारत विरोधी बयानबाजी करते और ज़हर उगलते हुए पाकिस्तानी युवाओं को जिहाद में शामिल होने के लिए उकसाते हुए दिखाई दे रहे हैं। भीड़ में मनशेरा, मुजफ्फराबाद और गढ़ी हबीबुल्लाह इलाकों के लोग शामिल थे। कश्मीरी उरी और पठानकोट हमलों के अलावा, पिछले एक दशक में कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद की तरफ से किए गए तीन अन्य बड़े हमलों में शामिल प्रमुख लोगों में से एक था। कश्मीरी ने अजहर को प्रतिरोध का प्रतीक बताया, जिसे अमेरिका और रुस ने भी स्वीकार किया है। '25 साल के संघर्ष' की प्रशंसा करते हुए, कश्मीरी ने मुजाहिदीनों के नकारे जाने की निंदा की और भारत और इजराइल को निशाना बनाकर जिहाद के विस्तार का आह्वान किया। इसमें इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का विशेष रुप से उल्लेख किया गया। मरकज सुभान अल्लाह, जहा जैश-ए-मोहम्मद का मुख्य समूह स्थित था, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की तरफ से तबाह किए गए नौ ठिकानों में से एक था। मारे गए लोगों में एक दर्जन हाई लेवल आतंकवादी कमांडर भी शामिल थे।




*यदि आप अपने कार्यों, भावनाओं और जीवन के परिणामों में संतुलन चाहते हैं, तो अपने विचारों में संतुलन लाना एक आवश्यक कदम है।*

**- जग्गी वासुदेव**

## ज्ञान-विज्ञान

# दुनिया की सबसे पुरानी ममी मिली... मिस्र से पहले चीन में बनाई जाती थी ममी





क्या आप जानते हैं कि मिस्र की ममी से भी 5000 साल पुरानी दुनिया की सबसे पुरानी ममी कहां मिलीं? नई स्टडी से पता चला है कि चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया (फिलीपींस, लाओस, थाईलैंड, मलेशिया, इंडोनेशिया) में 4000 से 12000 साल पुरानी कब्रों में मिले कंकाल धुएं से सुखाकर ममी बनाए गए थे. यह स्टडी 15 सितंबर 2025 को PNAS जर्नल में प्रकाशित हुई.

### ◆धुएं से सुखाई गई ममी

शोधकर्ताओं ने चीन, फिलीपींस, लाओस, थाईलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया की 69 कब्रों से 54 कंकालों का अध्ययन किया. इनमें से कई कंकाल हाइपरफ्लेक्स्ड (टाइट फीटल पोजीशन में मुड़े हुए) थे, जो प्राकृतिक नहीं लगते. पहले वैज्ञानिकों को लगा कि शायद बॉडी को बांधकर रखा गया था. लेकिन X-रे डिफ्रैक्शन और इंफ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कोपी से पता चला कि कंकालों पर धुएं का निशान है, लेकिन कब्रों पर नहीं. यह दर्शाता है कि मृतकों को दफनाने से पहले आग पर धुएं से सुखाया गया था. ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी की हसाओ-चुन हंग ने कहा कि धुआं सुखाना सिर्फ सड़न रोकने के लिए नहीं, बल्कि आध्यात्मिक, धार्मिक या सांस्कृतिक महत्व रखता था. यह प्रथा हंटर-गेदरर समुदायों में 12000 से 4,000 साल पहले प्रचलित थी. सबसे पुरानी ममी 12,000 साल पुरानी है, जो दक्षिण अमेरिका की चिंचोर्रो संस्कृति (7,000 साल पुरानी) और मिस्र की पुरानी ममी (4,500 साल पुरानी) से भी पुरानी है.

### ◆धुएं से सुखाने की प्रक्रियाः वैज्ञानिक कारण

मृतकों को कुरसी पोजीशन (भ्रूण जैसी मुड़ी हुई मुद्रा) में बांधा जाता था. फिर, कम तापमान वाली आग पर कई महीनों तक धुएं से सुखाया जाता था. इससे बॉडी सड़ने से बच जाती थी. स्टडी से पता चला...

कम तापमान का हीटः कंकालों पर सोट (काजल जैसा) का निशान और रंग बदलाव था, लेकिन जलने के निशान नहीं. यह धुएं से सुखाने का प्रमाण है.

संरक्षण का तरीकाः गर्म और नम जलवायु में धुआं सबसे प्रभावी था. बॉडी को आग के ऊपर रखकर धुएं से सुखाया जाता, जो बैक्टीरिया को मारता और सड़न रोकता.

आधुनिक उदाहरणः शोधकर्ता 2019 में इंडोनेशिया के पापुआ गए, जहां दानी और पुमा जनजातियां आज भी मृतकों को बांधकर धुएं से सुखाती हैं. ये ममी काली हो जाती हैं और दशकों तक बची रहती हैं.

हंग ने कहा कि ये ममी त्वचा या बालों के साथ नहीं मिलीं, लेकिन जानबूझकर सुखाने से इन्हें ममी माना गया. ये कुछ दशकों से सैकड़ों साल तक बची रहतीं, लेकिन कंटेनर में न रखने से ज्यादा समय नहीं टिकतीं.

### ◆रहस्यः कैसे शुरू हुई यह प्रथा?

शोधकर्ताओं का मानना है कि यह प्रथा अफ्रीका से 65,000 साल पहले दक्षिण-पूर्व एशिया में पहुंचे हंटर-गेदररों से शुरू हुई. शायद जानवरों के मांस को धुएं से सुखाने से सीखा गया. या रस्म के दौरान संयोग से पता चला. हंग ने कहा कि यह एक आकर्षक रहस्य है कि उन्होंने पता कैसे लगाया. लेकिन साफ है कि यह मृतकों को जीवितों के बीच रखने का तरीका था, जो प्रेम, स्मृति और समर्पण दिखाता है.

New Delhi

# मंदिर के फंड से क्यों बनवाएं मैरिज हॉल, वहां अश्लील डांस भी होगा: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** तमिलनाडु सरकार के मंदिरों के फंड का उपयोग विवाह मंडप बनाने में करने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी आपत्ति जताई है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि धार्मिक स्थलों की संपत्तियों और प्रांगण का उपयोग विवाह भवन निर्माण के लिए नहीं किया जा सकता, क्योंकि ऐसे स्थानों पर भद्दे नृत्य और गीत चलने की आशंका रहती है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि ऐसे हॉलों में केवल नृत्य और संगीत ही नहीं होंगे, बल्कि शराब परोसने जैसी गतिविधियां भी हो सकती हैं और उन पर कोई नियंत्रण नहीं रहेगा। अदालत ने मद्रास



हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसने राज्य सरकार के फैसले को रद्द कर दिया था।

साथ ही पीठ ने चेतावनी दी कि मंदिर फंड का एक भी पैसा खर्च करने पर अवमानना मानी जाएगी। तमिलनाडु सरकार ने अदालत के समक्ष दलील दी कि विवाह हॉलों का निर्माण सार्वजनिक हित में किया जा रहा है और राज्य में मंदिर परिसरों में विवाह होना सामान्य परंपरा है। वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और जयदीप गुप्ता ने कहा कि मंदिरों में विवाह हमेशा धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार होते हैं, जहां संगीत और नृत्य की गुंजाइश नहीं रहती। पीठ ने सवाल उठाया कि मंदिर फंड का उपयोग विवाह भवनों की बजाय शैक्षणिक संस्थान या अस्पताल जैसी परोपकारी गतिविधियों में क्यों न किया जाए।

Uttarpradesh

**पिता छोटे बेटे को दे रहे थे प्रॉपर्टी...**

## बड़े ने गला रेतकर बुजुर्ग को उतारा मौत के घाट, खुद को घायल कर रचा नाटक

**गोंडा, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के गोंडा में संपत्ति न मिलने की आशंका और पिता से आर्थिक मदद न मिलने से गुस्साए बेटे ने हो अपने ही पिता की हत्या कर दी. उसने जंगल में ले जाकर अपने 60 साल के बुजुर्ग बाप की गर्दन रेत हत्या कर दी थी. साथ ही घटना को दूसरा रूप देंने के लिए उसने अपने को भी घायल कर लिया था. जांच के बाद पुलिस ने हत्यारोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है. घटना खरगूपुर थाना क्षेत्र के कुवानों जंगल की बीते 13 सितंबर की है. अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत ने बताया कि मृतक अपने छोटे बेटे को संपत्ति देना चाहते थे. ऐसे में बड़े बेटे ने पिता से आर्थिक मदद न मिलने से खिन्न होकर जंगल में उनकी हत्या कर हत्या कर दी. हत्यारोपी बेटे अनोखीलाल को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है. ये हत्या तब की गई जब दोनों बाप बेटे कुंवानो जंगल में लकड़ी काटने गए थे.**

दरअसल, गोंडा के खरगूपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवगढ़ गांव निवासी 60 साल के गंगा सागर अपने 40 साल के पुत्र अनोखी लाल के साथ बीते 13 सितंबर को शिवगढ़ घाट कुवानों जंगल में लकड़ी काटने गए थे. लेकिन फिर खबर आई कि बेटा अनोखीलाल घायल अवस्था में है और पिता एक की हत्या हो गई है. खबर से हंगामा मच गया. बताया गया कि दो अज्ञात हमलावरों ने पिता पुत्र पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था जिससे गंगा सागर की मौके पर मौत हो गई और अनोखीलाल घायल है. उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. दिन दहाड़े हुई इस घटना से ग्रामीणों में पुलिस के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है.

Rajshthan

## पीट-पीटकर मां को मार डाला

**जयपुर, (एजेंसी)**। जयपुर में बेटे की ओर से मां की हत्या करने का वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि युवक मां को बेरहमी से पीटता है। पत्नी को पिटते देख कॉन्स्टेबल पति बचाने आता है। मां के बेहोश होने पर भी बेटा मुक्के मारता रहा। मामला करधनी इलाके का 15 सितंबर का है। वीडियो आज सामने आया था। डीसीपी (वेस्ट) हनुमान प्रसाद ने बताया- हत्या के मामले में नवीन सिंह (31) निवासी महेंद्रगढ़ हरियाणा को अरेस्ट किया गया है। करीब 10 साल पहले आर्मी से रिटायर्ड लक्ष्मण सिंह वर्तमान में दिल्ली पुलिस में कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात हैं। करधनी के अरुण विहार में नवीन, मां संतोष और दो बहनों के साथ रहता है। बीए तक पढ़ा नवीन सिंह पहले जेनपैक्ट में जॉब करता था। पिछले काफी सालों से नशे का आदी है। संतोष (51) और नवीन के बीच घरेलू बातों को लेकर झगड़ा हुआ करता था। सोमवार सुबह भी नवीन के वाई-फाई कनेक्शन काटने को लेकर संतोष से कहासुनी हो गई थी। झगड़ा बढ़ने पर गुस्से में नवीन अपने कमरे से बाहर निकला। मां संतोष का गला पकड़कर दबाया, मुंह पर मुक्का मारा। कमरे में रखा डंडा उठाकर मां के सिर पर भी मारा।

Uttarpradesh

## मेरठ में बवाल, पथराव के बीच धारदार हथियार भी चले, 15 से ज्यादा लोग घायल

**मेरठ, (एजेंसी)** यूपी के मेरठ में सरधना के सलावा गांव में गली में टहलने को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी टकराव हो गया। पथराव के बीच दोनों तरफ से धारदार हथियार भी चले। एक दूसरे पर भाले, तलवारों और छुरियों से हमला किया गया, जिसमें 15 से ज्यादा लोग घायल हो गए। कुछ घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया, बाकी को निजी अस्पताल ले गए। एसपी देहात और दो सीओ समेत तीन थानों की फोर्स में तैनात है। एक पक्ष ने तहरीर दी है। सलावा गांव में मंगलवार रात करीब 9 बजे सोनित, प्रिंस और शिवम रात में टहलने निकले थे। आरिफ की डेयरी के सामने तीनों की आरिफ से कहासुनी हो गई। दोनों पक्षों में पथराव हो गया। आरिफ पक्ष के लोगों ने भाले, बल्लम, तलवार और छुरियां लेकर हमला बोल दिया। राहुल पक्ष की ओर से भी पथराव किया




गया। जमकर बवाल और खूनी संघर्ष हुआ। मोहल्ले में चीख पुकार मच गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सीओ सरधना आशुतोष कुमार फोर्स लेकर गांव दौड़े। एसपी देहात डॉ. राकेश मिश्रा, सीओ मवाना संजय जायसवाल समेत सरूरपुर और रोहटा थानों से फोर्स को बुलाया गया।

खेल

# बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को आठ रन से हराया, मुस्तफिजुर ने झटके तीन विकेट

**अबु धाबी, (एजेंसी)** मुस्तफिजुर रहमान की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को आठ रन से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 154 रन बनाए। जवाब में अफगानिस्तान की टीम 20 ओवर में 146 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। नूर अहमद ने अंतिम ओवर में दो छक्के लगाकर अफगानिस्तान की उम्मीद जगाई, लेकिन वह असफल रहे। इस हार के बावजूद अफगानिस्तान अभी भी सुपर चार की दौड़ में बना हुआ है, जबकि बांग्लादेश ने ग्रुप चरण में अपने तीनों मैच खेल लिए हैं और वह दो जीत के साथ चार अंक हासिल कर चुका है।

बांग्लादेश के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की शुरुआत खराब रही। अफगानिस्तान ने पहली ही गेंद पर सेदिकुल्लाह अटल का विकेट गंवाया जो खाता खोले बिना आउट



हुए। इसके बाद पावरप्ले के अंदर ही अफगानिस्तान को दूसरा झटका इब्राहिम जादरान के रूप में लगा जो पांच रन बनाकर आउट हुए। फिर गुलबदिन नईब भी ज्यादा देर नहीं टिक सके और उन्होंने 16 रन बनाए। रहमानुल्लाह गुरबाज ने कुछ हद तक टीम की पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन वह 35 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अजमातुल्लाह ओमरजई ने कुछ अच्छे शॉट्स लगाकर स्कोर 100 के पार पहुंचाया, लेकिन वह भी 30 रन बनाकर आउट हुए।

छह विकेट गिरने के बाद अफगानिस्तान खराब स्थिति में नजर आ रहा था, लेकिन पहले राशिद खान और फिर नूर ने आक्रामक रवैया अपनाया, लेकिन लगातार विकेट गिरने के कारण टीम लक्ष्य हासिल करने से चूक गई। दिलचस्प बात यह है कि अफगानिस्तान ने कभी भी टी20 में पूर्णकालिक देश के खिलाफ 150 से अधिक रन का लक्ष्य हासिल नहीं किया है और इस मैच में भी टीम अपने इस रिकॉर्ड में सुधार नहीं कर सकी। अफगानिस्तान के लिए राशिद ने 20, नूर ने 14 और करीम जनत ने छह रन बनाए, जबकि फजलहक फारूकी दो रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश की ओर से मुस्ताफिजुर ने तीन विकेट लिए, जबकि नसुम अहमद, तस्कीन अहमद और रिशाद हुसैन को दो-दो विकेट मिले।

इससे पहले, बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। बांग्लादेश ने इस मैच के लिए प्लेइंग-11 में चार बदलाव किए और तस्कीन की वापसी हुई। बांग्लादेश इस मैच में तीन स्पिनर और दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरा। वहीं, अफगानिस्तान ने प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान के खिलाफ अच्छी शुरुआत की। बांग्लादेश के लिए सैफ हसन और तंजिद हसन तमीम ने पारी की शुरुआत की और पावरप्ले में अफगानिस्तान को कोई सफलता हासिल नहीं करने दी।

सिनेमा

# 'हिम्मत कैसे हुई?' कपड़ों-उम्र पर पत्रकार के कमेंट से भड़की एक्ट्रेस, लगाई फटकार



साउथ एक्ट्रेस लक्ष्मी मांचू अपनी नई फिल्म 'दक्षः ए डेडली कॉन्सपिरेसी' के प्रचार में व्यस्त है. ये फिल्म 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने पत्रकार को जमकर झाड़ लगाई. शख्स बार-बार लक्ष्मी से उनके कपड़ों को लेकर सवाल कर रहा है. उसने पूछा था कि 47 साल की उम्र में वो 'मॉडर्न' कपड़े क्यों पहनती हैं. पत्रकार को झाड़ने के साथ-साथ लक्ष्मी ने यह सवाल भी उठाया कि क्या वह एक मेल एक्टर जैसे महेश बाबू से भी यही सवाल पूछेंगे. इंटरव्यू के दौरान पत्रकार ने टिप्पणी की कि मुंबई जाने के बाद लक्ष्मी के कपड़ों और पहनावे में बदलाव आया है. एक्ट्रेस ने जवाब दिया कि वह हैदराबाद और फिर मुंबई जाने से पहले अमेरिका में रह चुकी हैं. उन्होंने यह तर्क ही दिया कि उन्होंने अपने लुक के लिए कड़ी मेहनत की है और यह उन्हें अपनी पसंद के कपड़े पहनने का आत्मविश्वास देता है. जब पत्रकार ने फिर से टिप्पणी की कि वह 50 के करीब हैं और एक बेटी की मां हैं, इसलिए उनके कपड़ों पर लोगों की टिप्पणी स्वाभाविक है, तो लक्ष्मी ने बिना अपनी आवाज बिना ऊंची किए जवाब दिया, 'क्या आप एक पुरुष से यही सवाल पूछेंगे? आपकी हिम्मत कैसे हुई!

## Highlights

1. Kejriwal's 'Sheesh Mahal' is like 'white elephant': Delhi CM
2. 13-year-old girl becomes India's youngest analogue astronaut
3. Who's Rajesh Agrawal, India's chief negotiator for US trade talks?
4. 8 Meghalaya ministers resign, new faces to take oath today
5. Bridge washes away on Dehradun-Haridwar Highway after heavy rain
6. India to deport 16,000 foreigners involved in drug trafficking: Reports
7. If only all cases were shut this fast: Jairam on SC Vantara ruling
8. Rats bite patients' feet at night at Jabalpur hospital

# India draws up plan to push exports, cushion tariff blow




**NEW DELHI, (Agency).** The Union cabinet may soon consider a five-year export-promotion mission which will also have the immediate aim of cushioning key sectors hit by the US's 50% tariffs, for which inter-ministerial consultations were concluded recently, three government officials said.

The multi-dimensional programme to boost exports is likely to have both fiscal and non-fiscal measures, including sector-specific strategies, ease of compliance and trade-facilitation measures, the officials added, requesting anonymity.

According to draft proposals reviewed by HT, relief measures to boost outbound shipments, especially of farm and marine products, will include injecting liquidity into small and medium businesses through cheaper credit and subsidized interest rates. Small and medium enterprises account for nearly 46% of exports.

To fund the support measures, the government is likely to utilise ₹25,000 crore set aside in this year's Union budget for a plan to boost exports.

The government may "frontload" the mission with measures worth ₹10,000 crore to provide immediate support to exporters hit by tariffs, one of the officials said. Frontloading refers to a strategy of allocating a higher share of funds upfront at the beginning of a programme's implementation.

The US and India have re-engaged to revive negotiations for a trade pact, with a round of meetings slated for this week in New Delhi.

A visiting US negotiating team led by Brendan Lynch, assistant trade representative for South and Central Asia, arrived in the national capital on Monday. If the two countries manage to converge, then it could pave the way for a sixth round of formal negotiations for a bilateral trade agreement.

# Groww files updated IPO papers to raise up to ₹7,000 crore, listing likely in November

NEW DELHI, (Agency). Billionbrains Garage Ventures Ltd., which operates India's largest investment platform Groww, has filed fresh IPO papers with India's market regulator, with the aim for a listing in November.

The Groww IPO includes a fresh issue of equity shares worth ₹1,060 crore and an offer for sale of 57.4 crore shares, according to the draft red-herring prospectus filed with Securities and Exchange Board of India on Tuesday, 16 November 2025. Investors, including Peak XV Partners, Y Combinator, Ribbit Capital and Tiger Global are likely to offload stake. Founders Lalit Keshre, Harsh Jain, Neeraj Singh and Ishan Bansal—who together hold 27.97% stake in the company—are likely to sell 10 lakh shares each in the IPO.

The Bengaluru-based retail stockbroker is eyeing a listing in November at a valuation of up to $8 billion, according to a previous Bloomberg report. If the valuation holds, Groww will become India's largest brokerage by market cap. Its nearest listed competitor Angel One Ltd. is currently worth about $2.3 billion, according to Bloomberg data.

JPMorgan Chase & Co., Kotak Mahindra Bank Ltd. Citigroup Inc, Axis Bank Ltd. and Motilal Oswal Investment Advisors are advising the offering.

As of August, Groww had 1.2 crore active clients on the National Stock Exchange of India Ltd., giving it a 26% share of the bourse's user base, according to the exchange's website.

शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरूरत....

व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरूरत.....

कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...

जांचिए ! परखिये !!

ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए

"डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...

गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें।

समाज में जागरूकता फैलाये।

FOLLOW US

DETECTIVE GROUP

Detecting the truth.

091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक